सीसीटीएनएस/ विवेचना के डिजिटाइजेशन हेतु मा0 उच्च न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ 226006

पत्रांकः टीएस–सीसीटीएनएस–99/2018 दिनांकःदिसम्बर 26, 2018

सेवा में,

समस्त अपर पुलिस महानिदेशक जोन, उत्तर प्रदेश।
समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्र उत्तर प्रदेश।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद उत्तर प्रदेश।

विषयः– सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत विवेचना के डिजिटाइजेशन हेतु Desktop, UPS, Paper, Printer, cartridge (Toner) हार्डवेयर व सामग्री विभागीय व शासकीय नियमों के अधीन आवंटित बजट के सापेक्ष जनपद स्तर पर निर्धारित संशोधित स्पेसिफिकेशन के अनुरूप या उच्चीकृत मानक के अनुसार क्रय किये जाने, बजट के उपभोग किये जाने, पूर्ण क्रय प्रक्रिया के बाद उपभोग के उपरान्त अवशेष धनराशि की स्थिति की पाक्षिक आख्या परिक्षेत्र स्तर पर संकलित कर उपलब्ध कराये जाने विषयक।

सन्दर्भः– इस मुख्यालय का समांक पत्र दिनांक 27.11.2018, 29.11.2018, 05.12.2018

कृपया अवगत कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा जमानत संख्या 8835 वर्ष 2018 रवि बनाम उ0प्र0सरकार में दिनांक 15.11.2018 को पारित आदेश के अनुपालन में दिनांक 29.11.2018 को मा0 उच्च न्यायालय को अवगत कराये जाने हेतु दिनांक 22.11.2018 को उ0प्र0शासन की बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में प्रथम चरण में जनपदीय थानों हेतु सीसीटीएनएस के क्रियान्वयन एवं मा0 उच्च न्यायालय द्वारा विवेचना के डिजिटाइजेशन हेतु निर्गत निर्देश के क्रम में Desktop, UPS, Paper, Printer, cartridge (Toner) सीसीटीएनएस में उपलब्ध बजट के सापेक्ष जनपदों को धनराशि आवंटित किया गया है।

2. इस परिप्रेक्ष्य में जनपदों को धनराशि आवंटित किये जाने से सम्बन्धित श्री हरि चरण सिंह, वित्त नियंत्रक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज का संलग्न करते हुए पत्र आपको उपलब्ध कराया गया है जिसका विवरण निम्नवत हैः–

क्रमांक	बजट आवंटन संख्या	दिनांक	लेखा शीर्षक	मानक मद	धनराशि रू0
1	2	3	4	5	6
1	1038	26.11.2018	4055 00 800 01 04	42 अन्य व्यय	4,09,82,000/–
उपयोगः– 327–कम्प्यूटर, 1000–यूपीएस, 34910–पेपर रिम, 1666–टोनर कार्ट्रिज का क्रय					
2	1037	26.11.2018	2055 00 109 10 00	42–अन्य व्यय	3,86,05,000/–
उपयोगः–1103–प्रिन्टरों का क्रय					

3. उपरोक्त के अनुपालन में हार्डवेयर व सामग्री का विवरण निम्नांकित है, जिसे निर्धारित साइट के उपयोगार्थ कम्प्यूटर, सहवर्ती उपकरण तथा सामग्री क्रय करने हेतु प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक एवं जनपदीय प्रभारी को सूची, उपकरणों के कय हेतु निर्धारित मानक संलग्न कर उपलब्ध कराते हुए प्राधिकृत किया गया है।

क्र0सं0	उपकरण एवं सामग्री का नाम	उपकरण एवं सामग्री की संख्या
1	कम्प्यूटर	327
2	यूपीएस	1000
3	पेपर रिम	34910
4	प्रिन्टर	1103
5	टोनर कार्ट्रिज	1666

4. इस सम्बन्ध में इस मुख्यालय के सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत **विवेचना के डिजिटाइजेशन** हेतु Desktop, UPS, Paper, Printer, cartridge (Toner) हार्डवेयर व सामग्री विभागीय व शासकीय नियमों के अधीन आवंटित बजट के सापेक्ष जनपद स्तर पर निर्धारित संलग्न **संशोधित स्पेसिफिकेशन के अनुरूप या उच्चीकृत मानक** के अनुसार **क्रय किये जाने, बजट के उपभोग किये जाने, पूर्ण कय प्रकिया के बाद उपभोग के उपरान्त अवशेष धनराशि की स्थिति की पाक्षिक आख्या** से इस मुख्यालय को तत्काल अवगत कराया जाय, ताकि इस धनराशि को व्यय किये जाने के पृथक से निर्देश जनपदों के निर्गत किये जा सकें। इस कार्यवाही को प्राथमिकता प्रदान की जाय।

26/12

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त जोन कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
2. समस्त परिक्षेत्र कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जनपद कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
4. ऑकिक, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश, को जनपद हेतु आवंटित बजट के सापेक्ष जनपद से **बजट के उपभोग किये जाने, पूर्ण कय प्रकिया के बाद उपभोग के उपरान्त अवशेष धनराशि की स्थिति की पाक्षिक आख्या** अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत किया जाय।
5. श्री दिग्विजय, कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए), उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि समस्त कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए को क्यू–मेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने व अभिलेखार्थ रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने हेतु।
6. प्रभारी ईमेल को पत्र मेल व वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।